कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 04.12.2024

/प्रेस विज्ञप्ति/

# गणित दिवस पर पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय दुर्ग द्वारा श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिवस पर गणित दिवस का आयोजन किया गया। सप्ताह भर चलने वाले इस आयोजन में आज गणित विभाग की 65 छात्राओं ने गणित के विभिन्न आयामों को पोस्टर के माध्यम से प्रदर्शित किया।

प्रभारी प्राचार्य डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल ने बताया कि यह आयोजन छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिक परिषद्, रायपुर के सौजन्य से सम्पन्न किया जा रहा है। इस तरह के आयोजन से छात्राओं की गणित जैसे कठिन विषयों के प्रति समझ एवं रूझान बढ़ती है।

आयोजन की संयोजिका डॉ0 अनुजा चौहान ने जानकारी दी कि गणित सप्ताह के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता, गणित ज्ञान प्रतियोगिता, मैथ्स विद फन, लघु फिल्म एवं अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया जा रहा है।

आज पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया। इसकी थीम थी – 'गणित हमारे चारों ओर'। प्रतियोगिता आयोजन में गणित विभाग की अतिथि व्याख्याता डॉ0 सुमन सिंह एवं डॉ0 मोनिका देवांगन का भी योगदान रहा।

*टीप– समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

# गणित दिवस पर पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन




